# यूपीसीडा के 84 औद्योगिक भूखंडों की होगी ई-नीलामी

**14 फरवरी तक कर सकते हैं आवेदन**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने 84 औद्योगिक भूखंडों की नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए 14 फरवरी तक आवेदन किए जा सकते हैं। यह भूखंड उन्नाव ट्रांस गंगा सिटी, कानपुर, प्रयागराज, लखनऊ, झांसी, अयोध्या, आगरा, हरदोई, वाराणसी समेत कई जिलों में स्थित हैं।

यूपीसीडा द्वारा भूखंडों की नीलामी की ई-निविदा प्रक्रिया को स्टेट बैंक आफ इंडिया के ई-टेंडरिंग पोर्टल के जरिये पूरा किया जाएगा। सबसे छोटा भूखंड 2,426.97 वर्ग मीटर का और सबसे बड़ा 53.563 वर्ग मीटर का है। इन भूखंडों में उद्योग, वेयरहाउस, फ्लैटेड फैक्ट्रियों का निर्माण किया जा सकेगा।

लखनऊ में 19 फरवरी को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होने वाली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में यूपीसीडा द्वारा 1.4 लाख करोड़ की परियोजनाओं को धरातल पर उतारने की तैयारी की जा रही है।